ज़ोलोपैक मध्य प्रदेश के पिलुखेड़ी में लगाएगा अत्याधुनिक मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट

भोपाल । भारत में सस्टेनेबल पैकेजिंग प्रोडक्ट के प्रमुख निर्माता पुणे स्थित ज़ोलोपैक इंडिया लिमिटेड मध्य प्रदेश के भोपाल के पास पीलूखेड़ी में 75,000 वर्ग फुट में फैले एक अत्याधुनिक मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट की स्थापना करेगा। मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव ने शुक्रवार, 1 मार्च को उज्जैन से फैक्ट्री का वर्चुअल भूमिपूजन समारोह आयोजित किया। वहीं नरसिंहगढ़ के माननीय विधायक श्री मोहन शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे और उन्होंने स्थल पर भूमिपूजन समारोह किया। ज़ोलोपैक के एमडी और सीईओ, श्री शशांक मिश्रा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा, हमें पीलूखेड़ी में बायोडिग्रेडेबल पैकेजिंग प्रोडक्ट के लिए एक विश्वस्तरीय मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करने की प्रसन्नता है। साथ ही हमने सीहोर जिले में 62 एकड़ में 100 करोड़ रुपये से अधिक के पूंजी निवेश के साथ एक अत्याधुनिक औद्योगिक परिसर स्थापित करने का भी प्रस्ताव रखा है। आगे श्री मिश्रा ने कहा ये मेड इन इंडिया जैविक रूप से बायोडिग्रेडेबल पैकेजिंग सॉल्यूशन की एक वाइड रेंज के लिए एक एंड-टू-एंड निर्माता और निर्यातक बनने की हमारी आकांक्षा की महत्वपूर्ण कदम हैं। हम सस्टेनेबली योर्स होने के अपने एजेंडे को साकार करने के लिए प्रीमियम और किफायती रेंज के ए-ग्रेड लकड़ी के कटलरी, आइसक्रीम स्टिक, चम्मच, कुल्फी स्टिक, कॉफी स्टिरर, एयरलेड नैपकिन, पेपर कप, कंटेनर और अन्य उत्पादों की पेशकश करना चाहते हैं। अंत में उन्होंने कहा, नई फैसिलिटी से हमारी उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी जिससे ज़ोलोपैक स्थानीय रूप से निर्मित, खाद बनने योग्य और पर्यावरण के अनुकूल बर्चवुड कटलरी की बढ़ती मांग को पूरा करने में सक्षम होगा।